नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## डायस्पोरा विभाग की शोधार्थी मोनिका वर्मा को मिली विदेश में शोध के लिए अध्येतावृत्ति



वर्धा, 10 जनवरी 2020 : प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन की पी-एच.डी. शोधार्थी सुश्री मोनिका वर्मा (सत्र-2016-17) को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली (ICSSR) द्वारा मॉरीशस में क्षेत्र कार्य एवं तथ्य संकलन के लिए "विदेश में तथ्य संकलन हेतु अध्येतावृत्ति"(Data Collection Abroad) प्रदान की गई है। इसके तहत सुश्री वर्मा को मॉरीशस आने-जाने (एयर-फेयर) एवं 14 दिन मॉरीशस में रहकर शोध से संबंधित क्षेत्र कार्य एवं आंकड़ों के संकलन के लिए संपूर्ण व्यय दिया गया है। सुश्री वर्मा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुन्नालाल गुप्ता के निर्देशन में "मॉरीशस में भारतवंशियों के उत्थान पर आर्य समाज का प्रभाव (1903-1968)" विषय पर शोध कार्य कर रही हैं। ज्ञातव्य है कि उन्हें भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् से पी-एच.डी. शोध हेतु जे.आर.एफ भी दिया जा रहा है। सुश्री वर्मा विदेश में शोध कार्य हेतु शोध अध्येतावृत्ति प्राप्त करने वाली विश्वविद्यालय की पहली छात्रा हैं। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल,प्रभारी डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. ऋषभ कुमार मिश्र एवं सभी सहपाठियों ने सुश्री वर्मा को विदेश प्रस्थान हेतु शुभकामनाएं दी और इसे विभाग एवं विश्वविद्यालय के लिए उपलब्धि बताया है।